यमुना और चम्बल नदियों का रुख राजस्थान की ओर बदलना

2769. **श्री फूल चन्द वर्मा** : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रमुख वैज्ञानिकों के एक दल ने यह सुझाव दिया है कि यमुना और चम्बल नदियों के जल को अरावली पहाड़ियों से गुजार कर राजस्थान की मरुभूमि की ओर ले जाने की सम्भावनाओं का पता लगाया जाना चाहिए ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) और (ख) . राजस्थान सरकार से इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं ।

इन्दौर-सियागंज रेलवे फाटक (मध्य प्रदेश) पर पुल का निर्माण

2770. **श्री फूल चन्द वर्मा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में इन्दौर-सियागंज रेलवे फाटक पर पुल के निर्माण का प्रस्ताव वर्ष 1969 से विचाराधीन है ?

(ख) यदि हां, तो पुल निर्माण का कार्य कब आरम्भ होगा और उसके कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ; और

(ग) निर्माण कार्य के पूरा होने पर कितना खर्च होने का अनुमान है ।

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) (क) जी नहीं ; राज्य सरकार द्वारा इस निर्माण कार्य का प्रस्ताव 1962-63 में किया गया था ।

(ख) रेलवे के हिस्से में पड़नेवाले निर्माण कार्य के नक्शे और अनुमान पहले ही तैयार किये जा चुके हैं । रेल प्रशासन द्वारा राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि वे (उनके द्वारा बनाये जाने वाले) पहुंच मार्गों के लिए नक्शे और खर्च के अनुमान का ब्यौरा दें । ज्यों ही राज्य सरकार पहुंच मार्गों पर निर्माण कार्य शुरू करने की स्थिति में होगी, रेलवे पुल खास पर काम शुरू कर देगी और शीघ्रता पूर्वक निर्माणकार्य पूरा करेगी ।

(ग) इसका अनुमानित खर्च क्या होगा यह राज्य सरकार द्वारा पहुंच मार्गों की अनुमानित लागत का ब्यौरा देने बाद ही मालूम हो सकेगा ।

Shortage of Raw material for Match Factories

2771. SHRI INDRAJIT GUPTA : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether a large number of small-scale match factories are facing crisis due to non-availability of match wax and blue match paper ;

(b) whether there is actually a surplus of match wax in the country and 3,500 tonnes were exported last year ;

(c) whether blue match paper, though available in plenty, is selling at exhorbitant prices ;

(d) whether these items are made available in adequate quantities and at controlled prices to the foreign-owned Western India Match Company ; and

(e) the steps taken by Government to resolve the difficulties of the small-scale match industry ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD) : (a) to (e). Certain representations were received from small-scale match manufacturing units, particularly from those situated in Tamil Nadu, in regard to non-availability of adequate